>

Title: Recent cyclone in West Bengal and other neighbouring states.

श्री मनोहर तिरकी (अलीपुरद्वार): सभापति महोदय, प्राकृतिक आपदा से पीड़ित लोगों को सरकारी सहायता देने के बारे में मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करता हूं। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और दीनाजपुर जिले के कई ब्लाकों में भयंकर रूप से आंधी, तूफान और ओले पड़े। उन ओलों का वजन आधा किलो से एक किलो के लगभग था। इस घटना के कारण वहां बहुत बर्बादी हुई है। वहां 20 से 25 हजार घर बिल्कुल टूट गये हैं और लगभग 50 हजार से ज्यादा घर टूटने के कगार पर हैं। वहां सौ से ज्यादा आदमी मर गये हैं और काफी लोग घायल भी हुए हैं। वहां लगभग 26 हजार एकड़ खेती बर्बाद हो गयी है। वहां की असली फसल चाय है। चाय बागान के खेत भी काफी नष्ट हो गये हैं। इन क्षेत्रों में जो बर्बादी हुई, उसके लिए राज्य सरकार ने कुछ सहायता दी है, लेकिन उससे कुछ नहीं हुआ। इसलिए मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह इस क्षेत्र में सरकारी सहायता दे। सबसे मुसीबत की बात यह है कि जब हम गांव में विजिट करने जाते हैं, तो गांव के पंचायत, एमएलए कुछ तिरपाल वगैरह दे देते हैं देते हैं लेकिन एमपी केवल मुंह दिखाकर चले आते हैं। हम लोग उन लोगों को कुछ दे नहीं सकते हैं। इसलिये इस संबंध में कुछ प्रावधान होना चाहिए कि प्राकृतिक आपदा आने से एमपी भी उन लोगों की कुछ सहायता कर सकें। एमपीलैड फंड के पैसे से उन्हें कुछ तिरपाल आदि दी जाये। इसलिए मैं अनुरोध करना चाहता हूं कि पीड़ित लोगों को जल्दी से जल्दी केन्द्र सरकार से मदद दी जाये।